CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 149 ▫ रायपुर, सोमवार 22 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जल, जंगल, जमीन संघर्ष समिति ने 45 गांव के हजारों लोगों के साथ किया कलेक्टोरेट का घेराव

### समिति ने कहा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बसे 45 गांवों के आदिवासी मूलभूत सुविधाओं से है वंचित



**धमतरी, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** जल, जंगल, जमीन संघर्ष समिति द्वारा आज कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया और क्षेत्र व समाज की विभिन्न मांगो को प्रमुखता से रखा गया। वनाँचल के लगभग 45 गांव के हजारों ग्रामीण आज धमतरी पहुंचे और कलेक्ट्रेट के लिए पद यात्रा करते हुए निकले.समिति द्वारा बताया गया कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बसे 45 गांवों के आदिवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वनांचल और दूरस्थ गांवों को मुख्य मागों से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण की मांग की गई है। अरसीकन्हार से गरहाडीही जंक्शन तक 25 किमी पक्की सड़क, गहनगिरिया से जोरातराई तक 25 किमी सड़क, खल्लारी से नवगांव तक 5 किमी सड़क, देवरी और बेलरबाहरा के आश्रित गांवों तक पक्की सड़क, बोरई, लिबमा, कुरीगांव, बहीगांव, बोरसील्ली के सभी आश्रित गांवों तक पक्की सड़क, खल्लारी से लिबमा तक 15 किमी सड़क निर्माण जरूरी बताया गया है। मांग पत्र में उजरावन के पास सोंदूर नदी पर 80 मीटर का पुल की मांग की गई है। खल्लारी के पास गरांजी नदी पर पुल बनाने की मांग भी रखी गई. जिले के रिसगांव, खल्लारी, फरसगांव, नवागांव-लीलांज के आश्रित गांवों में पर्याप्त बिजली सुविधा नहीं होने की बात कही गई है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव ने सांकरा में आयोजित सुशासन शिविर के दौरान गोंडी धर्म और आदिवासी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुईं। समिति ने संबंधित अधिकारी के निलंबन की मांग भी रखी है।

### सुशासन शिविर के दौरान गोंडी धर्म और आदिवासी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, संबंधित अधिकारी के निलंबन की भी रखी मांग

बता दे कि कलेक्ट्रेट घेराव के आवाहन के बाद नगरी एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों और पुलिस अफसरों ने समिति के पदाधिकारियों की रविवार को बैठक बुलाई जिसमे चर्चा की गई. लेकिन बात नहीं बनी और असंतुष्ट पदाधिकारी ने हजारों लोगो के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे।

## जांजगीर-चांपा में आईएसआई संदिग्ध गिरफ्तार, जेएसडब्ल्यू प्लांट में छिपकर कर रहा था जासूसी

### मोबाइल से मिले कई देशों के संदिग्ध नंबर और डिजिटल साक्ष्य

**रायपुर, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और स्थानीय जिला पुलिस ने एक संयुक्त और गोपनीय ऑपरेशन के तहत अकलतरा क्षेत्र से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के एक संदिग्ध एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सेवक सिंह (26 वर्ष), पिता बलविंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पंजाब का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर ले लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, अकलतरा के मिनीमाता चौक स्थित एक मकान में बाहरी राज्यों के कुछ व्यक्तियों के बिना सत्यापन रहने की सूचना पुलिस को मिली थी। स्थानीय पुलिस जब मौके पर किरायेदारों का भौतिक सत्यापन करने पहुंची, तो सेवक सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीकी क्षेत्र का निवासी होने का दावा किया, लेकिन उसके बयानों में भारी विरोधाभास देखने को मिला। पुलिस और जांच एजेंसियों के मुताबिक, आरोपी सेवक सिंह का जीजा पिछले लंबे समय से अकलतरा स्थित जेएसडब्ल्यू प्लांट में कार्यरत है। इसी का फायदा उठाकर आरोपी भी कुछ समय पहले काम की तलाश के बहाने यहां पहुंचा और प्लांट में दाखिल हो गया। सुरक्षा एजेंसियों को अंदेशा है कि वह प्लांट में काम करने की आड़ में पाकिस्तानी सेना और भारतीय प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां साझा कर रहा था।

संदेह के आधार पर जब सुरक्षा एजेंसियों ने आरोपी के मोबाइल फोन की कड़ाई से जांच की, तो उसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए,आरोपी के फोन में पाकिस्तान, सऊदी अरब और मैक्सिको जैसे देशों के संदिग्ध नंबर मिले हैं।वह वॉट्सऐप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के जरिए लगातार विदेशी नंबरों और आईएसआई समर्थित हैंडलर्स के संपर्क में था।पुलिस ने आरोपी के पास से चैट



हिस्ट्री, वीडियो कॉल रिकॉर्ड्स और वॉयस क्लिप्स बरामद की हैं। मोबाइल को विधिवत जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच में यह प्रारंभिक इनपुट भी सामने आया है कि आरोपी को पाकिस्तान में बैठे आकाओं द्वारा ड्रोन के माध्यम से हथियार उपलब्ध कराने की योजना थी। इन हथियारों के जरिए उसे किसी बड़ी वारदात या 'टार्गेट किलिंग' जैसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा जाना था। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन दावों की पूरी पुष्टि फोरेंसिक रिपोर्ट और विस्तृत विवेचना के बाद ही हो सकेगी।

## केशकाल में भाजपा के 6 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**कोंडागांव, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** नगर पंचायत केशकाल की राजनीति में उस समय बड़ा मोड़ आ गया जब भारतीय जनता पार्टी के 6 पार्षदों ने संगठन से इस्तीफा देने का फैसला करते हुए अपना इस्तीफा पत्र मंडल अध्यक्ष को सौंप दिया। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और भाजपा संगठन में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार, पार्षदों की नाराजगी के चलते यह कदम उठाया गया है। हालांकि पार्टी संगठन ने अभी तक किसी भी पार्षद का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सक्रिय हो गए हैं और नाराज पार्षदों से लगातार संवाद कर उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पंचायत में भाजपा की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए इन इस्तीफों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि मामला जल्द नहीं सुलझा तो इसका असर स्थानीय राजनीति पर पड़ सकता है। फिलहाल सभी की नजरें भाजपा संगठन की अगली रणनीति और पार्षदों के रुख पर टिकी हुई हैं।


## ब्रेकिंग न्यूज

### एमएलसी चुनाव नतीजाः महाराष्ट्र में क्लीन स्वीप से चूकी महायुति, नासिक के निर्दलीय ने बिगाड़ा शिंदे का खेल

**नई दिल्ली, 22 जून ( न्यूज चैनल )।** महाराष्ट्र विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के नतीजों में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने एक बार फिर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। 17 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार गुट) ने 16 सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को बड़ा झटका दिया है। हालांकि नासिक सीट पर महायुति को बड़ा झटका लगा, जहां भाजपा के बागी नेता ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर शिवसेना के उम्मीदवार को हरा दिया। इस नतीजे को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए राजनीतिक झटका माना जा रहा है। 17 सीटों में से छह सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे। बाकी 11 सीटों के नतीजे सोमवार को घोषित किए गए। इन 11 सीटों में अकेले भाजपा ने नौ सीटों पर जीत हासिल की। शिवसेना ने परभणी-हिंगोली सीट अपने नाम की, जबकि नासिक में भाजपा के बागी और निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल गिट्टे ने जीत दर्ज कर सबको चौंका दिया। इन नतीजों से राज्य विधान परिषद में महायुति की स्थिति और मजबूत हो गई है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरीः चंपत राय के करीबी सहित 5 पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली, 22 जून ( न्यूज चैनल )।** राम मंदिर दान विवाद प्रकरण में एसआईटी जांच के आधार पर पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर चंपत राय के करीबी माने जाने वाले टिन्नू यादव, लवकुश व अनुकल्प जिनके यहां नकदी बरामद हुई है सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। पांचों से एसआईटी ने पहले चरण में करीब 20 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की है। अधिकांश सवालों का जवाब इनके पास नहीं है। गोलमाल जवाब देकर ये घिरते जा रहे हैं। हालांकि, अंतिम निर्णय एसआईटी की रिपोर्ट और शासन स्तर पर समीक्षा के बाद ही लिया जाएगा।




**चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी प्रशिक्षण में कह गए हैं गुटबाजी से दूर रहकर काम करें..!**

**चुहिया- हां जी, लेकिन बिना गुटबाजी राजनीति चलती ही नहीं है..!**

## छिंदवाड़ा में बड़ा सड़क हादसा: मजदूरों से भरी पिकअप की ट्रक से भीषण टक्कर, पांच लोगों की हुई मौत; 20 हुए घायल

**नई दिल्ली, 22 जून ( न्यूज चैनल )।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाईवे बड़ा सड़क हादसा घटित हुआ है। पिकअप वाहन की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हुई है। पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं। पांच मजदूरों की मौत हुई है। वहीं, 20 मजदूर घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए छिंदवाड़ा जिला अस्पताल लाया गया है। उपचार जारी है। कुछ मजदूरों को गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना स्थल की तस्वीर काफी भयावह हैं। हादसे की खबर लगते ही मौके पर चीख-



पुकार मच गई। जिला प्रशासन की टीम दुर्घटनाग्रस्त लोगों के राहत-बचाव कार्य में जुटी हुई है। समुचित इलाज की व्यवस्था चल रही है। छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सुशील दुबे ने पांच मौत की पुष्टि की और 20 मजदूरों को घायल बताया है। मृतकों में तीन महिला दो पुरुष हैं। एक मृतक मछेरा गांव का है। जबकि चार मृतकों के नाम की पुष्टि अभी नहीं हुई है। तीन लोगों का ऑपरेशन जारी है। एक क्रिटिकल मरिज को नागपुर रेफर किया जा रहा है।

### कोरिया नौगई हत्याकांडः मंत्री रामविचार नेताम के सामने फुट पड़ा परिजनों का आक्रोश

## पूछा- क्या आरोपियों को विधायक रेणुका सिंह का संरक्षण है?



**कोरिया, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** जिले में भाजपा नेता और उनके साथियों की हत्याकांड मामले में परिजनों का आक्रोश मंत्री रामविचार नेताम के सामने फुट पड़ा। मृतक परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे मंत्री नेताम को परिजनों ने रो-रोकर खूब खरी-खोटी सुनाई। परिजनों के चेहरे पर गुस्सा, आंखों में आंसू, दिल में दर्द लिए बिलखते परिजन मंत्री से यही पूछते रहे कि क्या सत्ता के लोग आरोपियों को बचाने लगे हैं ? क्या विधायक रेणुका सिंह से आरोपियों को संरक्षण मिल रहा है इसलिए कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही ? यही वजह है कि आरोपियों का जुलूस ऐसा निकाला गया, जैसा उनका सम्मान हो रहा है ? बताइए मंत्री जी क्या हमें न्याय दिला पाएंगे ?

मृतक के परिजनों ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि घटना स्थल से दूर पटना में आरोपियों का ऐसा जुलूस निकाला गया, जैसे कि वह आरोपी नहीं बल्कि ओलंपिक पदक विजेता है। परिजनों ने प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे की भूमिका पर संदेह जताते हुए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान मृतक के परिजनों ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई, सीबीआई जांच और घटना में शामिल आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की। परिजनों की मांगों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सर्पदंश की शिकार महिला की इलाज के दौरान मौत परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का लगाया आरोप

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** जिला अस्पताल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से इलाज में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सर्पदंश की शिकार एक 45 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतिका की पहचान लालपुर गांव निवासी उर्मिला बाई के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही और समय पर सही इंजेक्शन न मिलने के कारण महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं अस्पताल प्रशासन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जानकारी के अनुसार, लालपुर निवासी उर्मिला बाई को देर रात उनके घर में ही किसी जहरीले सांप ने काट लिया था। सांप के काटने के बाद परिजन बिना वक्त गंवाए महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला



अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन सुबह इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

महिला की मौत पर उनके पति ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा हम मरीज को सांप काटने के आधे घंटे के भीतर अस्पताल ले आए थे, जहां शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को सामान्य बताया था। अस्पताल में पर्ची बनवाने और अन्य कागजी कार्रवाई के नाम पर काफी समय बर्बाद किया गया, जिससे इलाज में देरी हुई। डॉक्टरों ने मरीज को जरूरी एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन नहीं लगाया। जब हमने इस बारे में पूछा, तो उन्होंने दावा किया कि इंजेक्शन लगा दिया गया है और खाली रैपर डस्टबिन में फेंक दिए हैं, लेकिन वे हमें वह डस्टबिन दिखाने से कतरा रहे हैं। मृतक के रिश्तेदार बृजलाल राठौर ने इस कथित लापरवाही के खिलाफ कलेक्टर और एसडीएम को लिखित आवेदन सौंपकर डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम और बिसरा जांच कराने की मांग की है ताकि मौत का सच सामने आ सके। उन्होंने बताया कि महिला को देर रात करीब 1ः15 बजे अस्पताल लाया गया था। उस समय वह होश में थीं और उनके पैर में पट्टी (टूर्निकेट) बंधी हुई थी। ड्यूटी डॉक्टर ने तत्काल उनका प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया था। सीनियर डॉक्टरों की सलाह पर मरीज को एंटी-स्नेक वेनम दिया गया। पहले चरण में 10 वायल एंटी-स्नेक वेनम लगाए गए और स्थिति को देखते हुए दोबारा 10 वायल दिए गए। इस प्रकार मरीज को कुल 20 वायल एंटी-स्नेक वेनम दिए जा चुके थे। सुबह के वक्त अचानक मरीज की हालत बिगड़ी।


*❑ डॉ. मार्को ने स्पष्ट किया कि मौत के सटीक और वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल, परिजनों की शिकायत के बाद मामले की जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।*

## छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री, दंतेवाड़ा से हुआ आगाज

### राजधानी में दोपहर को हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत, अगले 48 घंटे में बढ़ेगी बारिश की गतिविधि

**रायपुर, 22 जून ( हाईवे चैनल )।** प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने सोमवार को दंतेवाड़ा जिले से दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश में प्रवेश की पुष्टि की है। राजधानी रायपुर में दोपहर को हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसके साथ ही अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई गई है। मानसून की दस्तक के साथ ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है।

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून 22 जून 2026 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पहुंच गया है। मानसून की उत्तरी सीमा 19ए उत्तरी अक्षांश और 60ए पूर्वी देशांतर, 19ए उत्तरी अक्षांश और 65ए पूर्वी देशांतर, 18.8ए उत्तरी अक्षांश और 70ए पूर्वी देशांतर, अलीबाग, पुणे, निजामाबाद, दंतेवाड़ा,




बलांगीर, सुंदरगढ़, चतरा, गया, मुजफ्फरपुर और 28.3ए उत्तरी अक्षांश तथा 83ए पूर्वी देशांतर से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ ही प्रदेश के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले दो दिनों में बारिश का दायरा और अधिक बढ़ सकता है। मानसून के आगमन से किसानों में भी खुशी का माहौल है, क्योंकि खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं। वहीं, आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

**येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी:** इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दोपहर 12:26पीएम से 12:27 पीएम के बीच जारी नाउकास्ट अलर्ट की वैधता 3:26 पीएम से 3:27 पीएम तक रहेगी। इस दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम अस्थिर रहने की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट:** मौसम विभाग के अनुसार धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली, सरगुजा और सूरजपुर सहित कई जिलों में मेघगर्जन, बिजली चमकने, हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना है। इन क्षेत्रों में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर आंधी और तेज हवाओं की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक जाने की चेतावनी दी गई है।

### इन जिलों में येलो अलर्ट

इसके अलावा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) और वर्षा की संभावना जताई गई है।